तापमान
अधिकतम 30 .6 डिग्री
न्यूनतम 16 .1 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

12 महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं समस्त मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत



12 माता चक्रेश्वरी देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी शानदार...



खबर संक्षेप

जानलेवा हमला करने के मामले में एक और काबू

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने जानलेवा हमला करने के आरोपी अमन उर्फ बुधवार वासी सुनारिया जिला रोहतक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दिए अपने ब्यान में साहिल वासी लक्ष्मण कॉलोनी थानेसर ने बताया कि कि उसकी पुराने बस अड्डा के पास टैक्सी स्टैंड पर उसकी ट्रैवलर हब के नाम से दुकान है।

अवैध हथियार मामले में पांचवा आरोपी काबू

अंबाला। सीआईए-नारायणगढ़ ने अवैध हथियार मामले में संलिप्त पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक नवीन कुमार ने बताया कि जांच के दौरान आरोपी विजय को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे एक देसी पिस्टल व पांच जिंदा रौंद बरामद किए थे।मामले में कार्रवाई करते हुए अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर एक पिस्टल तथा 30 जिंदा रौंद बरामद किए जा चुके हैं। मामले में संलिप्त आरोपी शुभम उर्फ काला निवासी गांव लाल छप्पर यमुनानगर को गिरफ्तार किया था।

डीजे पर विवाद में सात घायल

पानीपत। पानीपत के गढ सरनाई में बहन के घर नौ साल बार लडकी पैदा होने की खुशी में आयोजित कार्यक्रम में डीजे लेकर पहुंचे मामा अजय निवासी गांव पुंडरक जिला करनाल, पिता शीशपाल, मां उषा, पत्नी अनीता, बुआ के बेटे राहुल, बहन के देवर मीती व मौसी सुदेश को दौडा दौडा कर पीटा। दोनों पक्षों के बीच विवाद डीजे बजाने पर हुआ था। राहगिरों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। इधर, अजय ने हुडा सेक्टर 13/1 थाना पुलिस को शिकायत दी है। वहीं, थानेदार दीपक ने बताया कि मारपीट के इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों को जांच के लिए थाने बुलाया है।

राज्यपाल ने भगवान वाल्मीकि छात्रावास में कमरों के निर्माण का किया शिलान्यास

भारतीय साहित्य, संस्कृति और मानवीय चेतना के प्रतीक महर्षि वाल्मीकि: प्रो. घोष

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 5 नवंबर को करनाल में रोड शो कर विपक्ष के झूठ का देंगे जवाब





कुरुक्षेत्र। भगवान वाल्मीकि छात्रावास में कमरों के निर्माण का शिलान्यास करते राज्यपाल व स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय साहित्य, संस्कृति और मानवीय चेतना के महान प्रतीक हैं। उन्हें आदि कवि और उनकी अमर रचना रामायण को आदिकाव्य के रूप में सम्मान प्राप्त है। रामायण केवल एक महाकाव्य नहीं, बल्कि जीवन-मूल्यों, कर्तव्यबोध, त्याग, मयार्दा की अनुपम कृति है। महर्षि वाल्मीकि की रामायण हमें सिखाती है कि जीवन में कर्तव्य, सत्य, त्याग और मयार्दा का विशेष महत्व है। भगवान श्रीराम का कर्तव्य बोध, भरत का त्याग, लक्ष्मण की निष्ठा, सीता का धैर्य और हनुमान का सेवा भाव हमें अपने जीवन में उच्च आदर्श अपनाने की प्रेरणा देते हैं। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष सोमवार को भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि आश्रम एवं वाल्मीकि सभा द्वारा थानेसर में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने दीप प्रज्वलित कर व भगवान वाल्मीकि जी चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने भगवान वाल्मीकि छात्रावास में कमरों के निर्माण का शिलान्यास किया और निर्माण कार्य में सहयोग की भावना से दो कमरों के निर्माण के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही प्रदेश के सभी नागरिकों को भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

सर्व समाज के सहयोग से ही प्रदेश और देश का उत्थान संभव : कृष्ण कुमार बेदी

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि कोई भी समाज अकेले तरक्की नहीं कर सकता। सर्व समाज मिलकर ही किसी वर्ग, समाज और पूरे प्रदेश का उत्थान आसानी से कर सकते हैं। भगवान वाल्मीकि जी ने भी अपने अनुयायियों को यही संदेश दिया है कि समाज में प्रेम, भाईचारा और समानता से ही राष्ट्र मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की धरती का महाभारत काल से ही भगवान वाल्मीकि के नाम से संबंध रहा है। यहां वाल्मीकि आश्रम वर्षों से स्थापित है और वर्ष 1958 से इस आश्रम में छात्रावास संचालित किया जा रहा है। इस छात्रावास ने प्रदेश को कई विधायक, मंत्री, अधिकारी और कर्मचारी दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के राज्यपाल प्रोफेसर असीम घोष स्वयं एक शिक्षाविद रहे हैं। उनके इस आश्रम में आने से छात्रावास के विद्यार्थियों को शिक्षा और मार्गदर्शन का और अधिक लाभ मिलेगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि देश और प्रदेश में विपक्ष लगातार झूठ बोलकर भ्रम फैला रहा है। जनता को गुमराह करने की साजिश की जा रही है।

आज भी रामायण के मूल्यों से लेते है प्रेरणा

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के जीवन से जुड़ा क्रौंच पक्षी का प्रसंग हमें बताता है कि महान साहित्य का जन्म केवल ज्ञान और प्रतिभा से नहीं, बल्कि संवेदनशील हृदय से भी होता है। दूसरों के दुःख को अनुभव करना और अन्याय के प्रति संवेदनशील रहना ही मानवता का वास्तविक आधार है। उन्होंने कहा कि रामायण केवल अपने समय की कथा नहीं है, बल्कि हर युग के मनुष्य को आत्ममंथन का अवसर प्रदान करती है। आज भी हम अपने पारिवारिक, सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में इन मूल्यों से प्रेरणा प्राप्त कर सकते हैं। महर्षि वाल्मीकि का स्मरण हमें सामाजिक समरसता, समानता और मानवीय गरिमा के प्रति अपने वचनों को मजबूत करने का अवसर देता है। हमारा संविधान भी न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा के आदर्शों पर आधारित है।

ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

इस कार्यक्रम में टूरिज्म विभाग के जीएम राजीव प्रसाद, एसडीएम अमन कुमार, एसपी जेल सिरसा जसवंत सिंह, डा. धर्मेंद्र, चेयरमैन गुरनाम सिंह सैनी, जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, वाल्मीकि सभा के प्रधान जंगीर सिंह, जाट महासभा के प्रधान कृष्ण श्योकंद, तारा चंद, ऋषिपाल बेदी, दीपक गिल, रामनाथ, जोगीराम सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

हरियाणा पुलिस में अग्निवीरों के लिए हर छह माह में चलाएं भर्ती अभियान

- सेवानिवृत कर्नल अशोक मोर ने सरकार से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



सेवानिवृत कर्नल अशोक मोर।

सेना से सेवानिवृत कर्नल अशोक मोर ने सरकार से हरियाणा पुलिस में अग्निवीरों की भरती के लिए हर छह माह में विशेष अभियान चलाए जाने की मांग की है। उन्होंने सोमवार को हरिभूमि से बातचीत करते हुए उक्त बात कही। सेवानिवृत कर्नल अशोक मोर ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा हालहि में 282 पूर्व नौसेना अग्निवीरों को पुलिस कांस्टेबल के पद पर नियुक्त किया है। इसी तर्ज पर हरियाणा में भी अग्निवीरों के पुनर्वास और रोजगार का मुद्दा महत्वपूर्ण हो गया है। महाराष्ट्र में इन कर्मियों को दोबारा लिखित भर्ती परीक्षा और सामान्य प्रशिक्षण प्रक्रिया से गुजारे बिना पुलिस बल में शामिल किया गया है। इस घटनाक्रम के मद्देनजर पूर्व सैन्य अधिकारी कर्नल अशोक मोर ने हरियाणा सरकार से मांग अग्निवीरों की भर्ती के लिए अलग व्यवस्था बनाई जाने और उन्हें सामान्य पुलिस भर्ती विज्ञापन का इंतजार नहीं करना पड़े की मांग की है। सेवानिवृत कर्नल अशोक मोर ने कहा कि उन्होंने केंद्र और हरियाणा सरकार के समक्ष पहले भी अग्निवीरों को पुलिस में शामिल करने, सरकारी सेवाओं में रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा सैन्य सेवा के बाद उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए विभिन्न सुझाव दिए हैं। अब आवश्यकता है कि इन सुझावों पर ठोस कार्रवाई की जाए। ताकि प्रशिक्षित युवाओं की योग्यता का लाभ राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को मिल सके। उन्होंने सरकार से हर छह माह में विशेष भर्ती, सामान्य विज्ञापन का इंतजार खत्म होने की मांग की। कर्नल मोर ने कहा कि हरियाणा सरकार को भी सैन्य प्रशिक्षण, सेवा अनुभव और शारीरिक दक्षता को मान्यता देते हुए महाराष्ट्र जैसी व्यवस्था पर विचार करना चाहिए। पूर्व अग्निवीरों के लिए अलग भर्ती प्रक्रिया बनाकर उन्हें बार बार सामान्य अभ्यर्थियों वाली पूरी चयन प्रक्रिया से गुजरने की आवश्यकता कम की जा सकती है।

संदिग्ध परिस्थितियों में दो सगी बहनें घर से लापता

यमुनानगर। शहर के वीना नगर कैंप से दो सगी बहनें रात के समय संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों बहनों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक शहर के वीना नगर कैंप निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बड़ी बेटी 20 वर्ष और छोटी बेटी साढ़े 16 वर्ष की है। शाम के वक्त दोनों बेटियां खाना आदि खाने के के बाद अपने बिस्तर पर चली गई थी। रात के करीब ढाई बजे उनकी आंख खुली तो दोनों बेटियां घर में सो रही थी। सुबह उठकर देखा तो दोनों अपने कमरे में नहीं मिली। पिता के अनुसार घर में तलाश करने पर बेटियों के कपड़े और दस्तावेज भी नहीं मिले। उन्होंने अपने स्तर पर दोनों की तलाश की और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की। लेकिन उनका पता नहीं चला। बेटियों के अचानक लापता होने से परिवार परेशान है। परेशान होकर उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर बेटियों की तलाश किए जाने की गुहार लगा।

9.65 करोड़ के बिजनेस लोन के लिए राइस मिलर से लाखों रुपये की ठगी, तीन पर केस

- आरोपियों पर फर्जी ईमेल, बैंक ऑफ बड़ौदा के जाली लेटरहेड व सील का इस्तेमाल कर जाल में फंसाने का आरोप, जांच के दौरान हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

बैंक ऑफ बड़ौदा और बंधन बैंक से 9 करोड़ 65 लाख रुपये का बिजनेस लोन दिलाने और पुराने लोन को टेकओवर कराने का झांसा देकर राइस मिल मालिक से लाखों रुपये ठग लिए। जालसाजों ने फर्जी ईमेल, बैंक ऑफ बड़ौदा के जाली लेटरहेड व सील का इस्तेमाल कर जाल में फंसाया। शिकायत के आधार पर अंबाला कैंट थाने में नारायणगढ़ के बलविंदर सिंह, दिल्ली के पीतमपुरा के गौरव आनंद व रोहित तथा अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार तहसील नारायणगढ़ के गांव चांदसोली के राम करण जो कि चांदसोली और उप्लाना गांव में श्री कृष्णा राइस मिल के नाम से दो इकाइयां चलाते हैं। उन्होंने अपनी नई पैकिंग यूनिट के लिए लोन की आवश्यकता होने पर अप्रैल 2025 में एचडीएफसी बैंक से संपर्क किया था। बैंक के बाहर उन्हें नारायणगढ़ के बलविंदर सिंह मिला। उसने खुद को बैंक ऑफ बड़ौदा (चंडीगढ़) का कर्मचारी बताया और दावा किया कि उसकी ऊंची पहुंच है। बलविंदर ने झांसा दिया कि वह केनरा बैंक (मनीमाजरा) में चल रहे उनके 4.65 करोड़ के मौजूदा लोन को बैंक ऑफ बड़ौदा में ट्रांसफर करा देगा। साथ ही चावल खरीदने के लिए 2.65 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लोन तथा मुलाना मिल के लिए बंधन बैंक से 2.35 करोड़ रुपये का लोन स्वीकृत करा देगा। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने शुरुआती कागजात लेने के बाद प्रोसेसिंग फीस, स्टांप पेपर और लीगल वेल्यूएशन चार्ज के नाम पर नकद और ऑनलाइन माध्यम से लाखों रुपये ऐंठ लिए। 11 जुलाई 2025 को आरोपियों ने बैंक ऑफ बड़ौदा का जाली लेटरहेड और फर्जी सील लगाकर 4.65 करोड़ रुपये के लोन सैंक्शन का जाली पत्र थमा दिया।

धान खरीद के दौरान राइस मिल पर आधी रात छापेमारी अगले दिन अधिकारी का तबादला; कांग्रेस ने उठाए सवाल

- डीएफएससी मुकेश कुमार की कार्रवाई पर यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजत लाठर ने मांगा जवाब, मिल की देनदारी और किसानों से जुड़े मामलों की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

धान खरीद के सीजन में राइस मिल पर छापेमारी और इसके अगले ही दिन संबंधित अधिकारी के तबादले को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) रजत लाठर ने घरौंडा क्षेत्र में हुई कार्रवाई का हवाला देते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएफएससी मुकेश कुमार ने निशांत राणा की राइस मिल पर रात करीब एक बजे छापेमारी की थी। लाठर के अनुसार, कार्रवाई के दौरान करीब साढ़े पांच करोड़ रुपये का चेक दिए जाने की बात सामने आई और अगले ही दिन अधिकारी का तबादला कर दिया गया।

रजत लाठर ने सवाल उठाया कि छापेमारी के तुरंत बाद अधिकारी का तबादला क्यों किया गया और इस कार्रवाई से संबंधित पूरा रिकॉर्ड सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा। उन्होंने मांग की कि छापेमारी की तारीख, समय, कार्रवाई की रिपोर्ट, चेक से जुड़े दस्तावेज और तबादले के आदेश की जांच कर स्थिति स्पष्ट की जाए।

मिल की देनदारी और दोबारा धान खरीदने का मामला उठाया

लाठर ने आरोप लगाया कि संबंधित राइस मिल पर करीब छह करोड़ रुपये की देनदारी थी। उन्होंने सवाल किया कि यदि मिल पर इतनी देनदारी थी, तो उसे दोबारा धान खरीदने का अवसर किन शर्तों के आधार पर दिया गया। उन्होंने मिल की ओर से चावल की आपूर्ति, भुगतान और बकाया राशि से संबंधित रिकॉर्ड की जांच कराने की मांग की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि धान खरीद के दौरान किसानों पर कम कीमत में फसल बेचने का दबाव बनाया जा रहा था। लाठर के अनुसार, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना चाहिए और खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए।

सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने की मांग

यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने छापेमारी के समय की सीसीटीवी फुटेज और संबंधित दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की। उनका कहना है कि इससे कार्रवाई के घटनाक्रम और चेक दिए जाने से जुड़े तथ्यों की पुष्टि हो सकेगी। उन्होंने सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदारी तय करने की मांग की।

गरबड़ों के मेले में उमड़े हजारों श्रद्धालु

- चीनी मिट्टी के बर्तन, खिलौने और श्रृंगार के सामान की दुकानों पर रही रौनक, कुश्ती और हरियाणवी सांग ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। मेले में लगी दुकानों पर खरीदारी करते लोग।

गांव तंदवाल-हरयोली की सीमा पर मारकंडा नदी के किनारे स्थित महर्षि मारकंडेय मंदिर उदासीन आश्रम बड़ा अखाड़ा में सोमवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रसिद्ध गरबड़ों मेले का आगाज हो गया। मेले के पहले ही दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे जिससे पूरा मेला क्षेत्र दिनभर गुलजार रहा। हालांकि मेले की शुरुआत सोमवार को हुई लेकिन रविवार से ही श्रद्धालुओं का यहां पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह से ही मारकंडा नदी के किनारे श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और दिन चढ़ने के साथ मेले में लोगों की भीड़ बढ़ती गई। मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मारकंडा नदी में मीठे चावल का प्रसाद चढ़ाकर माथा टेका और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मारकंडा नदी पर माथा टेकने के बाद श्रद्धालु महर्षि मारकंडेय मंदिर पहुंचे। पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगीं। बता दें कि धार्मिक आस्था से जुड़े इस मेले में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। मेले में जहां बुजुर्ग और महिलाएं पूजा-अर्चना में जुटे नजर आए, वहीं बच्चों और युवाओं में मेले को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। धार्मिक परंपराओं के साथ-साथ मेले में ग्रामीण जीवन, पारंपरिक बाजार और हरियाणवी संस्कृति की झलक भी देखने को मिली।

16 साल की किशोरी की शादी कराने के मामले में पति समेत तीन लोगों पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में रामनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 साल की किशोरी की शादी कराने के मामले में पुलिस ने उसके पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। किशोरी की मां ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग बेटी की शादी 27 मई 2026 को कर दी गई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने दस्तावेजों और परिजनों के बयानों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। किशोरी की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी की उम्र 16 साल है। उसने आरोप लगाया कि बेटी की शादी 22 वर्षीय युवक से कराई गई।

युवक की मां ने दिया बयान

युवक की मां ने पुलिस को बताया कि उसके तीन बेटे हैं और उसका पति शराब पीता है। उसने अपने बेटे की जन्मतिथि 26 मई 2003 बताई। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जांच जारी

पुलिस ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की सिफारिश के आधार पर रामनगर थाना में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं सहित अन्य प्रावधानों के तहत जांच की जा रही है।

शिकायत के अनुसार, किशोरी का जन्म 6 नवंबर 2009 को हुआ था।

नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में एन्टी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी वीरेंद्र कुमार वासी स्टेशन माजरी शाहबाद व शिवम कुमार उर्फ रिशु वासी खतरवाडा मोहल्ला शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से करीब 2 लाख रुपए कीमत का नशीला पदार्थ 10.42 ग्राम हैरोइन (चिट्टा) बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एन्टी नारकोटिक सैल के सहायक उप निरीक्षक सुखवीर सिंह, पवन कुमार, पवन कुमार, मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार, नवीन कुमार व गाडी चालक मुख्य सिपाही विक्रम कुमार की टीम अपराध की तलाश में बस अड्डा शाहबाद कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी।

फोन हैक कर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 2 आरोपी मध्य प्रदेश से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। थाना साइबर क्राइम की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर फोन हैक कर ठगी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच अधिकारी ने बताया कि 9 अक्तूबर 2026 को शिकायतकर्ता संदीप कुमार ने एक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 13 सितंबर 2026 को न्यू इन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित उनके आवास पर अज्ञात साइबर ठगों द्वारा उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया गया। शातिर ठगों ने बिना किसी ओटीपी के चालाकी से तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 89,997/की धोखाधड़ी कर ली। विशेष अनुसंधान टीम ने मामले में उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल्स और डिजिटल फुटप्रिंट्स का गहन विश्लेषण किया। कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस टीम ने तकनीकी संसाधनों के आधार पर इस वारदात में संलिप्त दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

बुलेट से पटाखे बजाना पड़ा महंगा, 40 हजार रुपये का चालान, बाइक इंपाउंड

कुरुक्षेत्र। गली-मोहल्लों में बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे बजाकर लोगों को परेशान करना एक युवक को महंगा पड़ गया। थाना सदर थानेसर पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए गांव प्रतापगढ़ वासी युवक को काबू किया। पुलिस ने पटाखे बजाने के लिए इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को इंपाउंड कर दिया तथा यातायात नियमों के उल्लंघन के संबंध में 40 हजार रुपये का चालान किया। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र चन्द्र मोहन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस आमजन की शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में थाना सदर थानेसर पुलिस को शिकायत मिली थी कि गांव प्रतापगढ़ वासी एक युवक गली में बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे बजाकर लोगों को परेशान करता है। शिकायत पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू किया और मोटरसाइकिल को इंपाउंड कर दिया। मोटरसाइकिल के संबंध में यातायात नियमों के तहत 40 हजार रुपये का चालान किया गया। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन ने कहा कि सड़क और गली-मोहल्ले आमजन की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन के लिए हैं। बुलेट मोटरसाइकिल में अवैध मॉडिफिकेशन करवाकर पटाखे बजाना, तेज एवं कर्कश आवाज से लोगों को परेशान करना तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे कृत्यों से बुजुर्गों, बच्चों, मरीजों और आम नागरिकों को परेशानी होती है तथा सड़क सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है। उन्होंने युवाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि मोटरसाइकिल को निर्धारित मानकों के अनुसार ही चलाएं और किसी भी प्रकार का ऐसा बदलाव न करवाएं, जिससे ध्वनि प्रदूषण हो या आमजन को परेशानी उठानी पड़े।



कुरुक्षेत्र। बुलेट का चालान करते थाना प्रभारी।

मुख्यमंत्री, विधानसभाध्यक्ष, मंत्रियों, विधायकों ने निरंकारी संत समागम में की शिरकत

मन में स्थित रहना ही प्रभु की सच्ची पूजा: मां सुदीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

हर परिस्थिति में परमात्मा के प्रेम में स्थिर रहना ही सच्ची जागृति है।'' उक्त दिव्य उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा ने 79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के तीसरे दिन प्रवचन करते हुए कहे। वहीं, मां सुदीक्षा ने श्रद्धालु भक्तों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिलन और हर पल निराकार प्रभु का अनुभव ही आध्यात्मिक जीवन का सार है। परमात्मा अटल सत्य है, किन्तु हमारी इच्छाएं और परिस्थितियां निरंतर बदलती रहती हैं। अनुकूल परिस्थितियों में आस्था बनाए रखना सरल होता है, परंतु सच्ची भक्ति वही है जो हर परिस्थिति में अडिग रहे। उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान से प्राप्त जागृति जीवनभर सजग और सचेत रहने की प्रेरणा देती है। यह जागृति हमारे व्यवहार, निर्णयों और सामाजिक जीवन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।



पानीपत। निरंकारी संत समागम में मां सुदीक्षा से आशीर्वाद लेते हुए मुख्यमंत्री नायक सैनी, विसअध्यक्ष हरविंद्र, मंत्री कृष्ण, विधायक आदि।

निरंकारी संत समागम में सीएम सैनी ने सुना सत्संग

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को समालखा में 79 वें निरंकारी संत समागम में भाग लेकर माता सुदीक्षा का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने काफी देर तक बैठकर सत्संग भी सुना। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को मां सुदीक्षा व राजपिता रमित को शॉल भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना, सोनीपत विधायक निखिल मदान, गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

16 साल की किशोरी की शादी कराने में तीन फंसे

करनाल। रामनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 साल की किशोरी की शादी कराने के मामले में पुलिस ने उसके पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। किशोरी की मां ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग बेटी की शादी 27 मई 2026 को कर दी गई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने दस्तावेजों और परिजनों के बयानों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। किशोरी की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी की उम्र 16 साल है। उसने आरोप लगाया कि बेटी की शादी 22 वर्षीय युवक से कराई गई। शिकायत के अनुसार, किशोरी का जन्म 6 नवंबर 2009 को हुआ था। मां ने बेटी का जन्म प्रमाण पत्र भी पुलिस को उपलब्ध कराया।

ज्ञान और भक्ति से मिलता मुक्ति का मार्गः सुख सागर

करनाल। स्वामी सुख सागर महाराज ने कहा कि ज्ञान के बिना मुक्ति संभव नहीं है। धर्म के मार्ग पर चलना, सांसारिक कामनाओं का अंत करना और मोह से दूर होना ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। वे सदर बाजार स्थित माता रामप्यारी बत्तरा दुर्गा मंदिर एवं हकीम उत्तम चंद बत्तरा एवं पुत्र आयुर्वेदिक यूनानी औषधालय के प्रांगण में 49वीं वार्षिक कार्तिक कथा के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। यह धार्मिक आयोजन 26 अक्तूबर से 24 नवंबर 2026 तक चलेगा। स्वामी सुख सागर महाराज ने प्रवचनों और भजनों के माध्यम से प्रभु महिमा का गुणगान किया। भोले शंकर की बोलो जय-जयकार' और 'जय हो भोलेनाथ के गूंजे उद्घोष।

दूसरे जिले के किसानों के गेट पास नहीं कटने से बढ़ा विवाद

निसिंग मंडी में धान खरीद को लेकर किसानों का प्रदर्शन, लगाया जाम

किसानों ने चेतावनी दी जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा, जाम नहीं खोलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



तरावड़ी। निसिंग मंडी में धान के गेट पास नहीं कटने पर प्रदर्शन करते किसान।



करनाल। धान खरीद कार्य की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीसी।

निसिंग अनाज मंडी में धान बेचने पहुंचे दूसरे जिले के किसानों के गेट पास नहीं काटे जाने पर किसानों ने प्रदर्शन किया और जाम लगाकर रोष जताया। किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से धान की फसल लेकर मंडी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन गेट पास नहीं बनने के कारण उनकी फसल की बिक्री नहीं हो पा रही। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होगा, वे जाम नहीं खोलेंगे।

किसानों के अनुसार, निसिंग क्षेत्र के आसपास के गांवों के किसान पिछले करीब 40 साल से इसी मंडी में अपनी धान की फसल बेचते आ रहे हैं। इस बार भी वे फसल लेकर मंडी पहुंचे, लेकिन उनकी ट्रॉलियों के गेट पास नहीं काटे जा रहे। किसानों का कहना है कि उनके पास फसल से संबंधित जरूरी दस्तावेज हैं, इसके बावजूद उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है।

दूसरे जिले की धान पर रोक का पत्र जारी

मार्केट कमेटी निसिंग के सचिव जसपाल मेहता ने बताया कि प्रदर्शन करने वाले किसान दूसरे जिले के हैं। सरकार की ओर से दूसरे जिले की धान मंडी में नहीं आने देने के संबंध में पत्र जारी किया गया है। फिलहाल किसानों को समझाकर शांत करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है, ताकि नियमों के अनुसार मंडी में धान की आवक सुनिश्चित की जा सके।

किसानों ने मांग की कि उनकी समस्या का जल्द समाधान कर गेट पास जारी किए जाएं, ताकि वे अपनी फसल बेच सकें। किसानों का कहना है कि धान खरीद में देरी से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

धान उठान में तेजी लाएं, बाहरी जिलों से आने वाली धान पर रखें कड़ी नजर : डीसी

- लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई, 13 हजार किसानों की धान की स्थिति का होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में धान उठान कार्य में तेजी लाई जाए और बाहरी जिलों से आने वाली धान पर विशेष निगरानी रखी जाए। खरीद प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में खरीफ सीजन के दौरान धान खरीद कार्य की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी आपसी तालमेल के साथ काम करें और खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को परेशानी न हो। बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया, एसडीएम करनाल देवेंद्र शर्मा, एसडीएम घरौंडा अनुभव मेहता, एसडीएम इंद्री डॉ. रमन गुप्ता, एसडीएम नीलोखेड़ी अशोक कुमार, एसडीएम असंध सुमित सिहाग, डीएफएससी जतिन मित्तल आदि रहे।

13 हजार किसानों की धान का होगा सत्यापन

डीसी ने बताया कि जिले में अब तक करीब 13 हजार किसानों की धान मंडियों में नहीं पहुंची है। उन्होंने संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए कि इन किसानों का पटवारियों के माध्यम से सत्यापन करवाया जाए, ताकि धान की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके। सत्यापन कार्य गंभीरता से पूरा कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। डीसी ने मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि ई-खरीद पोर्टल पर निजी खरीद के तहत खरीदी गई धान का डाटा भी अपडेट किया जाए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर खरीद संबंधी जानकारी सही होनी चाहिए, जिससे प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी की जा सके। साथ ही बाहरी जिलों से आने वाली धान पर नजर रखते हुए नियमानुसार खरीद सुनिश्चित की जाए।

न्यूज डायरी



टैक्सी चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी

करनाल। जिला पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के मार्गदर्शन में ओल्ड बस स्टैंड के पास टैक्सी स्टैंड पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार, जिला पुलिस समन्वयक ने टैक्सी चालकों को यातायात नियमों, राहवीर योजना, वायु प्रदूषण और बीएस-3 तथा इससे कम उत्सर्जन मानक वाले वाहनों से संबंधित नियमों की जानकारी दी।उन्होंने निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने और नशे से दूर रहने की अपील की। दुर्घटना में घायलों की सहायता करने तथा वाहनों की नियमित जांच और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र सहित आवश्यक दस्तावेज पूरे रखने का भी संदेश दिया।



शरद पूर्णिमा पर गोपाष्टमी की तैयारियां शुरू

करनाल। श्री कृष्ण गऊशाला के देवधान में शरद पूर्णिमा पर हवन-यज्ञ आयोजित किया गया। मुख्य यजमान बलबीर लाठर ने परिवार सहित आहुति डालकर सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। प्रधान सुनील गुप्ता ने पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एसके गोयल ने गौवंश की सेवा और संरक्षण के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष गुरदयाल अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, संजय बत्तरा और पवन गोयल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती में शामिल हुए पार्षद उत्सव प्रोचा



करनाल। हरियाणा सरकार के मनोनीत नगर निगम पार्षद उत्सव प्रोचा ने भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर करनाल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं सत्य, सदाचार, समानता और मानवता की सेवा की प्रेरणा देती हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में भाईचारे और सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रमों में भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह, अशोक खुराना, पार्षद सोनू, अमित आहूजा, काला प्रधान और राजीव चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



करनाल। वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह में शामिल विधायक जगमोहन आनंद।

महर्षि वाल्मीकि के आदर्श समाज को देते हैं सत्य और मानवता का संदेश

करनाल। विधायक जगमोहन आनंद ने करनाल विधानसभा क्षेत्र के गांव काछवा, सैदपुरा, रामनगर, सेक्टर-16 और जुंडला गेट में भगवान महर्षि वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत कर उनके श्रीचरणों में नमन किया और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। विधायक ने कहा कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि का जीवन और उनकी अमर रचना रामायण मानव समाज को सत्य, सदाचार, करुणा, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में भाईचारे, सामाजिक समरसता और सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार, पूर्व सरपंच सुरेश घई, सुनील पॉल, आकाश सिरसवाल और राजकुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विधायक ने आयोजकों और क्षेत्रवासियों का स्वागत एवं सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों का स्नेह और सहयोग उन्हें जनसेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता है।

ताले तोड़कर 80 हजार के जेवर चोरी

करनाल। जिले के निसिंग की न्यू बुट्टा कॉलोनी में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर करीब 80 हजार रुपये के जेवर और अन्य सामान चोरी कर लिया। मकान मालिक परिवार सहित अपने गांव गया हुआ था। वापस लौटने पर मकान के ताले टूटे मिले और अंदर सामान बिखरा हुआ था। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। गोंदर निवासी राजेश पुत्र ओमप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने निसिंग की न्यू बुट्टा कॉलोनी में मकान बना रखा है। मकान में पेट लगाने का काम शुरू किया हुआ था। वह एक दिन पहले शाम को मकान बंद करके अपने गांव चला गया था। अगली सुबह वापस लौटा तो मकान के ताले टूटे मिले।

महापौर गुप्ता ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्श अपनाने का किया आह्वान

- देश की सुख-समृद्धि की कामना के साथ वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह में हुए शामिल विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। महापौर ने जगन्नाथ धाम में दर्शन किए और ऋषभ गुप्ता व विधायक जगमोहन आनंद ने वाल्मीकि के आदर्श अपनाने का संदेश दिया।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने ओडिशा प्रवास के दौरान पुरी स्थित विश्वप्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु श्री जगन्नाथ, प्रभु श्री बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन किए। इस दौरान भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता भी उनके साथ मौजूद रहे। दोनों ने देशवासियों के सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और लोककल्याण की कामना की। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि श्री जगन्नाथ धाम देश की आध्यात्मिक विरासत और सनातन संस्कृति का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कामना की कि देश निरंतर विकास करे और समाज में प्रेम, सद्भाव तथा सहयोग की भावना मजबूत हो।

वहीं, युवा समाजसेवी ऋषभ गुप्ता रामनगर स्थित वाल्मीकि मंदिर तथा रेलवे स्टेशन के निकट सृष्टिकर्ता वाल्मीकि मंदिर एवं धर्मशाला में भगवान महर्षि वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर आयोजित समारोहों में शामिल हुए। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के चरणों में शीश नवाकर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं।



जाणता राजा के मंच पर सम्मानित हुए शिक्षाविद जितेंद्र

करनाल। छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित महानाट्य 'जाणता राजा' के चौथे दिन गाजियाबाद के सनसिटी में करनाल के शिक्षाविद एवं जेनेसिस ग्रुप के प्रबंध निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत को शिक्षा और समाज निर्माण में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने अध्यक्षता की, जबकि श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ के पीठाधीश्वर महंत नारायण गिरि महाराज विशिष्ट अतिथि रहे। महानाट्य का मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं रंगकर्मी पवन शर्मा ने किया। दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम ने कहा कि यह आयोजन नई पीढ़ी को सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रचेतना से जोड़ने का माध्यम है। इस अवसर पर आचार्य प्रदीप भैया, एनपी सिंह, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी, कामेश्वर सिंह, मनोज अग्रवाल, शैलेंद्र भदौरिया, पवन त्रिपाठी, डॉ. संजय चतुर्वेदी, राघवेंद्र सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, विनय चौधरी, पंकज सिंह और आदेश यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



भाटिया समाज का सामाजिक सशक्तीकरण पर जोर

करनाल। कर्ण लेक परिसर में भाटिया समाज की एकजुटता और सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न राज्यों से आए समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भाटिया सेवा मंच ट्रस्ट के अध्यक्ष वनीत भाटिया ने कहा कि देश-विदेश में बसे समाज के लोगों को एक मंच पर लाना और आपसी सहयोग बढ़ाना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि संगठन निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान और पर्यावरण संरक्षण के कार्य कर रहा है। अखिल भारतीय भाटिया संगठन के अध्यक्ष मुरलीधर भाटिया ने नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने पर जोर दिया। सचिव सीके भाटिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने सामाजिक कुरीतियां दूर करने और वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित करने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर दीपक भाटिया (कोटा), हरीश भाटिया, गगन भाटिया, रमेश भाटिया, अनिल भाटिया, कमलेश भाटिया, सुषमा भाटिया, कृष्णलाल भाटिया, ट्विंकल भाटिया, रेनू भाटिया, अंकित भाटिया, डॉ. कपिल भाटिया, जगदीश भाटिया, दिनेश भाटिया, रघुनाथ भाटिया, वीर प्रकाश भाटिया, विक्रांत भाटिया, अलिप्त भाटिया, सीमा भाटिया, सोनिया चोपड़ा, सिमरन भाटिया, राजेश भाटिया और नरेश भाटिया सहित अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समाज की एकजुटता को बनाए रखने के लिए ऐसे समरोह जरूरी : भगवानदास

रिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



वाल्मीकि समाज द्वारा भगवान वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में शहर मे शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम से शुरू होने से पूर्व वाल्मीकि मन्दिर मे समिति के सदस्यों व गणमान्य लोगों ने भगवान वाल्मीकि की पूजा अर्चना की।

इस शोभा यात्रा का शुभारंभ भगवान वाल्मीकि मन्दिर से विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने रिबन काटकर रवाना किया। यह शोभा यात्रा मन्दिर से चलकर मेन बाजार चौक, करनाली गेट, सौंकड़ा रोड़, नगरपालिका रोड़ से होती हुई वाल्मीकि मन्दिर मे सम्पन्न हुई। इस यात्रा मे भगवान वाल्मीकि, लव कुश, श्री हनुमान की सुन्दर सुन्दर झांकियां निकाली गई। इससे पहले समाज की महिलाएं पूरे रास्ते मे पानी का छिडक़ाव करके बुराही फे रकर चल रही थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि समाज की एकजुटता को बना रखने के लिए सभी आगे आएं।

अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री पर रहेगी पुलिस की नजर

करनाल। दीपावली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर जिला पुलिस करनाल ने अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री को लेकर सख्ती बरतने की चेतावनी दी है। पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में पुलिस आमजन की सुरक्षा और संभावित आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए लोगों तथा व्यापारियों से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील कर रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि बिना वैध लाइसेंस या आवश्यक अनुमति के पटाखों का भंडारण और बिक्री करना कानूनी कार्रवाई का कारण बन सकता है।

भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई



घरौंडा। भगवान महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के उपलक्ष्य में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण की सुपुत्री ऐशना कल्याण ने क्षेत्र के गांव रावर, मुबारकाबाद, बसताड़ा, गगसीना और कैमला में पहुंचकर लोगों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने भगवान महर्षि वाल्मीकि जी को नमन कर उनके आदर्शों और शिक्षाओं को याद किया। ऐशना कल्याण ने ग्रामीणों को जयंती की बधाई देते हुए कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाएं आज भी समाज का मार्गदर्शन करती हैं। उनके जीवन और विचारों से हमें सत्य, सदाचार और मानवता की सीख मिलती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और हमेशा अच्छे मार्ग पर चलें। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की शिक्षाएं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करती हैं। इस अवसर पर नवीन, संदीप, गौरव, सरपंच अमित लखनपाल, रामचरण, जिला परिषद धीरज खरकाली , प्रवीन, रामचन्द्र, राजेन्द्र गाबा सरपंच, खुशीराम आदि मौजूद रहे।

माता के भजनो का किया गुणगान कन्याओ की पूजा

घरौंडा। श्री रामलीला कमेटी एवं आदर्श ड्रामिटिक क्लब के द्वारा नगरखेड़ा के प्रांगण मे माता रानी की कढ़ाई एवं मासिक कीर्तन का आयोजन किया गया रामलीला के विभिन्न पात्रों ने माँ के भजनो का गुणगान किया,बाद मे कन्या पूजन किया गया, प्रशाद वितरित किया गया श्री रामलीला के प्रधान मुनीष गुप्ता ने बताया की यह माता रानी की कढ़ाई रामलीला सम्पूर्ण होने के बाद की जाती हैं क्षेत्र मे सुख शान्ति की प्रार्थना की जाती हैं इस पूजा अर्चना ने क्लब के प्रधान रामनिवास विश्वकर्मा, मोहन जैन,शिव चरण शर्मा, सतीश रोहिल्ला, अश्वनी चौधरी, रामरूप रोहिल्ला, मा ख़ुशी राम धीमान, रवि पांचाल, देवेंद्र गुप्ता, कमल धीमान, तुषार गुप्ता, सुनील कुच्छल अन्य पदाधिकारी सहित गणमान्य व्यक्ति मौजद थे।

176 शिक्षकों को दिया जाएगा शैक्षणिक प्रशिक्षण



करनाल। शिक्षा विभाग के एसपीडी के तत्वावधान में स्पेशल ओलंपिक भारत की ओर से 176 विशेष शिक्षकों के लिए लेवल-2 प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक जगमोहन आनंद और भाजपा उपाध्यक्ष एवं स्पेशल ओलंपिक भारत हरियाणा की अध्यक्ष लतिका शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को खेल गतिविधियों से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को निखारना और खेलों के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। लतिका शर्मा ने विशेष बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों की भूमिका पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक आवश्यकताओं के अनुसार खेल गतिविधियां करवाने, उनकी क्षमताओं की पहचान करने, खेलों के नियमों और सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारियां दी जा रही हैं। स्पेशल ओलंपिक भारत के मास्टर ट्रेनर एवं स्टेट डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार प्रशिक्षण में शिक्षकों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

करवाचौथ के पावन अवसर पर शहर की अग्रणी महिलाओं में देखने को मिल रहा खासा उत्साह

पति-पत्नी के रिश्ते को मजबूत करता है करवाचौथ

रिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। करवाचौथ पर्व को लेकर चर्चा करती शहर की धार्मिक ओर सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी महिलाएं।

करवाचौथ के पावन अवसर पर शहर की अग्रणी महिलाएं पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ व्रत रखकर पति की लंबी उम्र की कामना करेंगी। पर्व पर व्रत रखने से पहले महिलाओं ने कहा कि करवाचौथ न केवल एक व्रत है, बल्कि यह पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते में प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी की धर्मपत्नी सविता कबीरपंथी, के. एस. ओवरसीज प्रा.लि. तरावड़ी की सी.एम.डी. ममता गोयल व जी.वी. राईस यूनिट की सी.एम.डी. सुमन बंसल ने कहा कि करवाचौथ हर स्त्री के लिए अपने जीवनसाथी के प्रति निष्ठा और प्रेम का पर्व है। यह केवल चांद की पूजा नहीं, बल्कि अपने जीवन साथी के लिए प्रेम और आशीर्वाद की अभिव्यक्ति है। यह व्रत महिलाओं के आत्मबल दिन हमें रिश्तों में विश्वास, समर्पण और एक-दूसरे की भावनाओं को समझने की सीख देता है। श्री हंस राईस मिल्स की सी.एम.डी. रजनी गुप्ता, भाजपा नेत्री मीना चौहान एवं संयोगिता गुप्ता ने कहा कि करवाचौथ और त्याग की मिसाल पेश करता है। भाजपा नेत्री सोनम कबीरपंथी, डबल चाबी बासमती राईस की डायरेक्टर प्रेक्षा गोयल एवं श्रीराम राईस यूनिट की डायरेक्टर पलक सिंगला ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि चांद की रोशनी में सजे इस पर्व से हर घर में प्रेम, शांति और समरसता का संदेश जाता है।

करवाचौथ पर्व को लेकर बोली महिलाएं

गर्ग राईस इंडस्ट्रीज की सीएमडी संतोष गुप्ता, न्यू कैम ऑयल प्रा लि. से मीनू तॉयल, एसएस राईस यूनिट से सुनैना हंस सीएमडी योगिता चावला ने कहा कि करवाचौथ हर भारतीय नारी के जीवन का सबसे पवित्र व्रत है, जो पति-पत्नी के अटूट बंधन को मजबूत करता है।

शिमला में शुरू हुआ 'क्लाउड 7 होटल द फॉरेस्ट'

करनाल। वैश्विक लाइफस्टाइल हॉस्पिटैलिटी समूह केर्टन हॉस्पिटैलिटी ने शिमला में 'क्लाउड 7 होटल द फॉरेस्ट शिमला' शुरू किया है। कंपनी का लक्ष्य क्लाउड 7, होस्से और द हाउस होटल ब्रांडों के तहत विस्तार के मौजूदा चरण में 1,000 होटल कमरे विकसित करना है। होटल में आकर्षक कमरे, सुइट्स और हिमालय के मनोरम दृश्यों के साथ विशेष पर्यटन अनुभव मिलेगा। चरणबद्ध विस्तार में वेलनेस सुइट्स, स्पा, स्विमिंग पूल, जिम, निजी कॉटेज और अतिरिक्त लग्जरी सुइट्स शामिल होंगे। कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्लोस क्विपेनबर्ग ने कहा कि होटल स्थानीय समुदायों, संस्कृति और प्राकृतिक परिवेश से जुड़े पर्यटन अनुभव को बढ़ावा देगा। होटल स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों और किसानों के साथ मिलकर हिमाचल की कला, खानपान और परंपराओं को प्रोत्साहित करेगा।

- हिमालयी प्राकृतिक सुंदरता, वेलनेस और स्थानीय संस्कृति पर रहेगा विशेष ध्यान

खबर संक्षेप

नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

पानीपत। पानीपत पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत नगर निगम के वार्ड 21 में स्थित कश्यप कॉलोनी के निवासियों को नशा करने के दुष्परिणाम बारे विस्तृत जानकारी देकर जीवन में कभी भी नशा नहीं करने बारे शपथ दिलवाई गई। पुलिस टीम ने नागरिकों को साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी देते हुए यातायात नियमों की पालना के प्रति जागरूक किया।

केंद्रीय चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया

पानीपत। पानीपत के इसराना में कांग्रेसियों ने वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत केंद्र सरकार व केंद्रीय चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया। वहीं, प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि कर रहे थे। आंदोलनकारी कांग्रेसियों ने इसराना के बाजार में जुलूस निकाला और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाया। इधर, आंदोलन में कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष रमेश मलिक ने बताया कि एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में पार्टी की महारैली आयोजित होगी। रैली में पानीपत से हजारों लोग भाग लेने दिल्ली जाएंगे।

शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया

पानीपत। पुलिस शहीदी दिवस व राष्ट्रीय एकता दिवस पर पानीपत पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुलित लाइन में बने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। वहीं पानीपत पुलिस की टीम नेशनल पुलिस मेमोरियल नई दिल्ली पहुंची और पुलिस के शहीद अधिकारियों व कर्मचारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर शोभायात्रा निकाली

पानीपत। पानीपत की जाटल रोड स्थित वाल्मीकि अमरपुरी ने भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर शोभायात्रा निकाली। जिसमें मुख्य अतिथि नगर निगम की महापौर कोमल सैनी, भाजपा नेता चांद भाटिया, अशोक आर्य, गौरव गोयल, संजय अग्रवाल, तरसेम बंसल, मनोज जोगी, इरफान अली, वाल्मीकि अमरपुरी के प्रधान सूरज प्रकाश चौहान, रमेश पुहाल, पार्षद रोकी गहलोत ने अतिथियों को सम्मानित किया।

वाल्मीकि प्रकट दिवस पर हलवे का प्रसाद बांटा

पानीपत। भाजपा किसान मोर्चा उत्तर शहरी मंडल की ओर से महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। वहीं, प्रदेश सचिव दिनेश पुजारा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने 121 किलो देसी घी के हलवे का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया। इस अवर पर रमेश खन्ना, गुलशन भंडारी, विकास गहलौत, चन्द्र केश, विशु सैनी, जतिन लखनपाल, विपिन कौशिक, जसजोत सिंह आदि उपस्थित रहे।

पराली जलाने से फैलता है प्रदूषण

पानीपत। हरियाणा सरकार की ओर से पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने किसानों से आह्वान किया कि वे फसल अवशेषों को खेतों में आग लगाने के बजाय उनका उचित प्रबंधन करें और दूसरे किसानों को भी पराली न जलाने के लिए प्रेरित करें। वहीं, चेताया गया कि खेतों में पराली जलाने वाले किसानों अथवा व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गणेश को जयंती पर नमन किया

पानीपत। भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में महर्षि वाल्मीकि और महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पत्रकार पंडित गणेश शंकर विद्यार्थी को जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जिला उपाध्यक्ष संजय त्यागी, कृष्ण छौक्कर, सुमित गर्ग, सनौली मंडल अध्यक्ष जगबीर आर्य, अमित पंडित, ऋषभ अग्रवाल, तरुण पसरीचा समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पानीपत में वाल्मीकि समाज के लिए 32 भवनों का निर्माण करवाया

रामायण सिखाती है कि हमें गरीबों के उत्थान के लिए सदैव आगे रहना चाहिए : विधायक विज

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण हमें सिखाती है कि हमें गरीबों के उत्थान के लिए सदैव आगे रहना चाहिए और इस कार्य को समृद्ध और समर्थ परिवार आगे बढ़ा सकते हैं। गरीब और वंचित लोगों को मुख्य धारा में लाने के लिए हम सबको एकजुट होकर के काम करना होगा तभी महर्षि वाल्मीकि द्वारा बताए गए सम्मान और समानता के रास्ते पर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि रामायण जैसे कालजयी महाकाव्य के रचयिता महर्षि वाल्मीकि ने मानवता, करुणा और समरसता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि पानीपत में वाल्मीकि समाज के लिए 32 भवनों का निर्माण करवाया गया है जिसमें समाज के विभिन्न भाईचारे के कार्य सम्पन्न करवाए जा सके। वहीं, भाजपा नेता प्राण रत्नाकर ने कहा कि वाल्मीकि केवल कवि या ऋषि ही नहीं, एक महान शिक्षक भी थे। उन्होंने लव और कुश को न केवल वेद-वेदांगों की शिक्षा दी, बल्कि रामायण की कथा भी सिखाई।



पानीपत। महर्षि वाल्मीकि जयंती दिवस समारोह में विधायक प्रमोद विज को फूल भेंट करते हुए प्राण रत्नाकर। फोटो: हरिभूमि

ये मौजूद रहे

इस अवसर पर एसडीएम समालखा अमित कुमार, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी सुनील बसताड़ा, जिला कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिल्लोड, निगम पार्षद रॉकी गहलोत, अनिल मदान, सतप्रकाश वैद, गोविंद्रा लाहौट, धीरज उग्राखेड़ी आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। महर्षि वाल्मीकि को जयंती पर नमन करते हुए आप नेता सुरेंद्र अहलावत आदि।

समाज की मार्गदर्शक है रामायण : अहलावत

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता एडवोकेट सुरेन्द्र अहलावत ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की रामायण सदियों से समाज को सत्य, न्याय, समानता और मानवीय मूल्यों की प्रेरणा दे रही है। उनकी शिक्षाएं सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देती हैं। बैठक में एक नवंबर को रोहतक में होने वाली तिरंगा यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में आप करनाल लोकसभा अध्यक्ष अजय सिंगला, जिला अध्यक्ष जसबीर जस्सा कादियान, करनाल लोकसभा उपाध्यक्ष डा.नरेंद्र जेसिया, योगेश शर्मा, अंग्रेज मलिक समेत बडी संख्या में आप पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस

- कांग्रेस एक परिवार की पार्टी है, पतन की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का 47वां जन्मदिन मनाया गया। वहीं, जिले के सभी 19 मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों, मोर्चा अध्यक्षों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पहुंचकर दुष्यंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। हरियाणा पत्रकार संघ के प्रधान विनोद पांचाल अपनी टीम के साथ कार्यालय पहुंचे और जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को सम्मानित कर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।



पानीपत। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को जन्मदिन पर बधाई देते हुए भाजपा नेता जगवीर आर्य। फोटो: हरिभूमि

जन्मदिन की शुभकामनाएं दी

इधर, दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने के साथ-साथ अनुशासन और संगठनात्मक समर्पण के लिए जानी जाती है। जबकि कांग्रेस एक परिवार की पार्टी है और अपनी गलत नीतियों के चलते कांग्रेस तेजी से पतन की ओर बढ़ रही है। कांग्रेस जनता को गुमराह कर रही। इस अवसर पर भाजपा नेता छौक्कर, जगबीर आर्य, प्रदीप उपाध्याय, सुभाष कबीरपंथी, जिला मीडिया प्रभारी ओमदत्त भारद्वाज समेत बड़ी संख्या में भाजपाइयों ने दुष्यंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

किताबी ज्ञान तक सीमित न रहे विद्यार्थी : प्रो. मिश्रा

- पाइट में राष्ट्रीय सेमिनार में विशेषज्ञों ने कौशल आधारित शिक्षा को बताया समय की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा

विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रखने के बजाय वास्तविक कार्यक्षेत्र की चुनौतियों के लिए तैयार करना जरूरी है। इंडस्ट्री आधारित शिक्षा होगी तो न केवल रोजगार बढ़ेंगे बल्कि अपनी इंडस्ट्री भी खड़ी कर सकेंगे। यह बात पाइट में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय सेमिनार में संबलपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं सेमिनार सलाहकार प्रो.डॉ.संजीव मित्तल, आइआइएम लखनऊ के नोएडा परिसर के प्रो.डॉ.राजीव कुमार, जागरण लेकसिटी विश्वविद्यालय के प्रो.डॉ.अखिलेश मिश्रा, एमआरआइआइआरएस की प्रो.डॉ.दीप्ति दास, केआइईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की प्रो.डॉ.बिंकी श्रीवास्तव आदि विशेषज्ञों ने अपने संबोधन में कहे। विशेषज्ञों ने शिक्षा में 80 प्रतिशत प्रायोगिक और 20 प्रतिशत सैद्धांतिक अध्ययन की दिशा में आगे बढने का सुझाव दिया।



समालखा। पाइट में राष्ट्रीय सेमिनार में संबोधन करते हुए शिक्षाविद्। फोटो: हरिभूमि

ये मौजूद रहे

विशेषज्ञों ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा और शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार, पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सुरेश तायल, राकेश तायल, शुभम तायल, प्रो. डॉ.हिमांशु जैन आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। श्री सनातन धर्म मंदिर में कार्तिक मास कथा महोत्सव पर पूजन करते श्रद्धालु।

सनातन धर्म में सर्वश्रेष्ठ है कार्तिक मास : तरूण

कार्तिक मास श्री हरि विष्णु को सर्वाधिक प्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

श्री सनातन धर्म मंदिर सभा, मॉडल टाउन के पावन प्रांगण में सोमवार को श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के साथ एक माह तक चलने वाले 'कार्तिक मास कथा महोत्सव' का विधिवत शुभारंभ हुआ। वहीं, व्यास पीठ से कथावाचक पंडित बृज किशोर शास्त्री ने विधि-विधान से पूजन करते हुए कहा कि समस्त महीनों में कार्तिक मास भगवान श्री हरि विष्णु को सर्वाधिक प्रिय है। जिस प्रकार वेदों में सामवेद, मंत्रों में गायत्री और तीर्थों में प्रयागराज श्रेष्ठ हैं, उसी प्रकार धर्म-साधना के लिए कार्तिक मास सर्वोत्तम माना गया है। इधर, मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने बताया कि सनातन धर्म शास्त्रों में कार्तिक मास को सर्वश्रेष्ठ व मोक्षदायिनी मास माना गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन सुबह कथा का समय निर्धारित किया गया है। कथा को सोमवार को विराम देते हुए भगवान की दिव्य आरती की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं को चरणामृत एवं प्रसाद वितरित किया गया।

श्री सनातन धर्म मंदिर में कार्तिक मास कथा महोत्सव का शुभारंभ

नशीले पदार्थों से दूर रहे युवा वर्ग

- गांव अधमी में पहलवान मनदीप ने जीता दंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत के गांव अधमी में आयोजित इनामी दंगल में पहलवानों ने दमखम दिखाया। मनदीप जलमाना ने 11 हजार रुपये की इनामी कुश्ती जीती। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से योगी गौतम नाथ, यमुना सुधार समिति के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रतन सिंह रावल और समाजसेवी राजू रावल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने युवाओं से नशे और गलत संगत से दूर रहकर खेलों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुश्ती जैसे पारंपरिक खेल युवाओं में अनुशासन, मेहनत और भाईचारे की भावना बढ़ाते हैं।



पानीपत। दंगल के शुभारंभ अवसर पर योगी गौतम नाथ के साथ अतिथि व पहलवान।

ये मौजूद रहे

इस अवसर पर सरपंच दलवीर, जियालाल, संजय रावल, समाजसेवी अशोक रावल जलमाना, राजवीर त्यागी, हामिद खान, संतरपाल और ओमपाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इनर व्हील क्लब ने पूर्णिमा लंगर लगाया

पानीपत। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर इनर व्हील क्लब पानीपत द्वारा अपनी निरंतर सेवा पहल के तहत रेलवे स्टेशन, मॉडल टाउन के निकट पूर्णिमा लंगर लगाया। वहीं, लंगर की आयोजक क्लब सदस्य पिंकी अरोड़ा रही और श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंद लोगों के लिए प्रेम और सेवा भाव से कढ़ी-चावल का वितरण किया गया, जबकि खीर की सेवा प्रेसिडेंट अलका भाटिया द्वारा की गई। वहीं, लंगर में क्लब की सचिव अनीता शर्मा, निशा डावर, रेनु गुंबर ने सेवा की। जबकि अध्यक्ष अलका भाटिया ने कहा कि हर नागरिक को समर्थ के अनुसार जरूरतमंद लोगों की तन, मन, धन से सेवा करनी चाहिए। दानपुण्य से जरूरतमंदों के जीवन में खुशी और सकारात्मकता आती है।



न्यूज डायरी

राहुल हत्याकांड के दो आरोपी पकड़े

पानीपत। पानीपत के गांव नांगल खेडी निवासी राहुल मलिक मर्डर केस में थाना हुडा सेक्टर-29 थाना पुलिस ने दो आरोपियों आर्यन व साहिल को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार थाना सेक्टर-29 रॉबिन नैन ने बताया कि हत्यारोपी आर्यन, मृतक राहुल का बचपन का दोस्त है, जबकि राहुल की हत्या की साजिश में साहिल का अहम रोल है। स्मरणीय है कि शराब पार्टी में राहुल की चाकू मार कर हत्या की गई थी। वहीं, राहुल हत्याकांड में मृतक के पिता राकेश मलिक की शिकायत पर हुडा औद्योगिक सेक्टर-29 थाना ने आर्यन, राकू, रिंकू आदि पर केस है।

दुकान पर पथराव में दो आरोपी पकड़े

पानीपत। पानीपत के गांव बापौली के मुख्य अड्डे पर स्थित रहेजा गारमेंट्स की दुकान पर पथराव और दुकानदार को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि मुख्य आरोपी बल्लू फरार है। थाना प्रभारी फतेह सिंह ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश जारी है और उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

शाह की रैली को लेकर बैठक

पानीपत। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पांच नवंबर को करनाल में होने वाली यात्रा और रैली की तैयारियों को लेकर भाजपा ने सनौली मंडल के नन्हेड़ा शक्ति केंद्र पर रामनिवास कौशिक के निवास पर बैठक की। इसमें रैली में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। बैठक में भाजपा नेता दिनेश रावल, गांव नन्हेड़ा के सरपंच नवीन कौशिक, अधमी के सरपंच दलबीर रंगा समेत बडी संख्या में ग्रामीण जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

कांग्रेसियों ने बैठक की

पानीपत। कांग्रेस संगठन पदाधिकारियों, ब्लॉक पदाधिकारियों और शहरी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें जिला प्रभारी नीतू वर्मा ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में कांग्रेसी नेता स.बलजीत सिंह, सतीश गाल्हौत्रा, अजय खुराना, राजकुमार पाहवा, गौरव शर्मा, कुलदीप पुनिया, सुप्रिया रतन, बलदेव वधवा, पंकज प्रजापत, इस्लाम अंसारी ऋत मोहन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

जयंती भगवान वाल्मीकि की जयंती पर गांव सिवाह में श्रद्धांजलि सभा

महर्षि वाल्मीकि ने लोक कल्याण का मार्ग दिखाया: आर्य

- प्रभु वाल्मीकि की शिक्षाएं सत्य, त्याग, सेवा और कर्तव्यपालन की प्रेरणा देती हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत के निकटवर्ती गांव सिवाह में महर्षि वाल्मीकि जयंती एवं महान स्वतंत्रता सेनानी, साहित्यकार और पत्रकार पंडित गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। वहीं, सरपंच प्रतिनिधि व आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आर्य रणदीप कादियान ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि ने अपने महाकाव्य के माध्यम से मानवता को मर्यादा, कर्तव्य, आदर्श जीवन और लोककल्याण का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रभु वाल्मीकि की शिक्षाएं सत्य, त्याग, सेवा और कर्तव्यपालन की प्रेरणा देती हैं। हमें महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर देश और समाज के हित में कार्य करना चाहिए। उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी राजू कादियान ठेकेदार ने समिति को एक लाख रुपये तथा सुरेश कादियान ने 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। कार्यक्रम में अंबेडकर भवन के प्रधान मास्टर सुभाष समेत बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



पानीपत। गांव सिवाह में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आर्य रणदीप कादियान, आदि को सम्मानित करते मेजबान। फोटो: हरिभूमि

ये मौजूद रहे

वहीं, भगवान वाल्मीकि सेवा समिति के प्रधान बिजेंद्र सिंह, उपप्रधान नीर, उपप्रधान ओमदत्त आर्य, सचिव चांद, कोषाध्यक्ष रणबीर सिंह, सलाहकार अशोक कुमार, कानूनी सलाहकार सुभाष, सदस्य अशोक अमित कुमार ने बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ आर्य रणदीप कादियान को स्मृति चिह्न भेंट किया।

5 से 25 दिसंबर तक सजेगा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव

ब्रह्मसरोवर को सजाने-संवारने का काम शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र

धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव-2026 को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। पवित्र ब्रह्मसरोवर पर आयोजित होने वाले इस महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शिल्प मेले के माध्यम से देश की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। इस वर्ष महोत्सव 5 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, जबकि गीता जयंती महापर्व 20 दिसंबर को मनाया जाएगा। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड (केडीबी) और जिला प्रशासन की ओर से महोत्सव की तैयारियों को गति दी जा रही है। केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने बताया कि महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 14 से 20 दिसंबर तक आयोजित होंगे। इस दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों और पर्यटकों के समूहों के लिए विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव का मुख्य आयोजन पवित्र ब्रह्मसरोवर परिसर में होगा।

खबर संक्षेप

धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना नग्गल पुलिस ने थाना क्षेत्र गांव मटेहड़ी शेखां में विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक प्रगट सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता सिमरनजीत सिंह निवासी गांव मटेहड़ी शेखां ने 5 मई 2023 को शिकायत दी थी कि 1 दिसंबर 2022 से 12 अप्रैल 2023 के बीच आरोपी सुजात अमीन मंट व अन्य ने उसे विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 4.10 लाख हड़प लिए। न तो उसे विदेश भेजा और न ही पैसे वापस किए। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया

अंबाला। राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ग्राम सपेरा में एक कानूनी साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण प्रदूषण, कानूनी अधिकारों और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। शिविर का संयोजन पैरा लीगल वॉलंटियर राकेश अग्रवाल द्वारा किया गया। शिविर में मुख्य रूप से ग्रामीणों को पर्यावरण कानून, प्रदूषण के विभिन्न प्रकारों, अदालती व न्यायिक दिशा-निर्देशों और प्रदूषण फैलाने पर होने वाले कानूनी परिणामों व सजा के प्रावधानों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

मौसम के बदलते मिजाज से किसान परेशान

अंबाला। मौसम के बदलते मिजाज ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बारिश की आशंकाओं के बीच अनाज मंडियों में धान खरीद और उठान की व्यवस्था चरमरा गई है।हालांकि मौसम साफ होते ही मंडियों में धान की आवक ने अचानक तेज हो गई। इस कारण मंडी के मुख्य मार्गों और प्रांगण में ट्रैक्टरों की कतारें लग गईं, जिससे जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। मार्केट कमेटी से मिले आंकड़ों के अनुसार मौजूदा सीजन में अब तक अनाज मंडी में करीब आठ लाख क्विंटल धान की आवक दर्ज की जा चुकी है। इसमें से प्रशासन की ओर से लगभग सात लाख क्विंटल धान की समय पर लिफ्टिंग भी कराई जा चुकी है। अकेले अंबाला शहर मंडी में धान बेचने के लिए अब तक 13 हजार से अधिक गेट पास काटे जा चुके हैं।

महिलाओं ने एक साथ थिरक कर बांधा समां

जींद। श्रीकृष्ण भक्ति गरबा की उमंग और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर माहौल में जींद में पहली बार भव्य महारास एवं गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर विद्यापीठ मार्ग स्थित एसडी स्कूल में आयोजित स्वदेशी मेले के प्रांगण में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की महिला विंग की ओर से आयोजित इस महोत्सव में महिलाओं ने सामूहिक गरबा प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से जुड़े महारास और पारंपरिक गरबा के बीच गायक सुरेंद्र रोमियो की गायकी ने समारोह को यादगार बना दिया। पूरा परिसर धार्मिक आस्थाए संगीत और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों ने शिरकत की और इस सांस्कृतिक पहल की सराहना की।

प्रधानमंत्री का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा देश

प्रधानमंत्री के माता-पिता को राजनीति में घसीटने पर कांग्रेस की आलोचना

मंत्री विज की अगुवाई में मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर बवाल हो गया। सोमवार को परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज की अगुवाई में भाजपा ने खडगे का पुतला फूंककर विरोध जताया। विज ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के पिताजी का नाम लेकर जो अपमान किया गया है, यह देश उसको कभी बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि चेंज द रेजीम का नारा देकर देश में अराजकता पैदा करो, तो यह इस देश की धरती पर ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कांग्रेस को नसीहत देते हुए कहा कि राजनीति करिए, जरूर करिए लेकिन इस देश की संस्कृति का सम्मान भी करिए। अगर विपक्ष के लोगों ने कोई अपनी बात कहनी है तो संस्कारी तरीके से कहिए। मौके पर विज ने नारे लगाते हुए कहा कि ''बदतमीज कांग्रेस, पिट गई कांग्रेस''''ऐ को हो गया, खड़गे मोया मोया।



अंबाला। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला फूंकते मंत्री अनिल विज।

मां-बाप को देवताओं के समान माना

मंत्री विज ने कहा कि ''हमारे देश में मातृ देवो भवः पितृ देवो भवः की स्थिति है अर्थात मां और बाप को देवताओं के समान माना गया है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि मैं पूछना चाहता हूं की राजनीति में किसी की मां और किसी के पिताजी को खींचने की क्या आवश्यकता है, किसी के जीवनयापन पर तंज कसने की क्या आवश्यकता है क्योंकि वह साधारण परिवार से हैं।

35 देशों ने प्रधानमंत्री को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

उन्होंने कहा कि हमारे देश में प्रजातंत्र है। प्रजातंत्र में भिन्न-भिन्न राजनीतिक पार्टियों का भिन्न मत होना जायज बात है। सरकारों की कार्य प्रणाली की समीक्षा करना हर विरोधी दल का अधिकार है। सरकार की नीतियों को समीक्षा करना अधिकार है। विरोध करने का भी एक स्तर होता है। नैतिकता होती है जबकि कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दल सारे देश की जनता द्वारा ठुकराए जा चुके है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने 22 प्रदेशों से कांग्रेस का सफाया कर दिया है। देश में लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकार चल रही है इससे कांग्रेस पार्टी इतना बौखला गई है कि वह अपना मानसिक संतुलन को बैठी है। यह कभी हमारे प्रधानमंत्री को कहते हैं कि यह चाय बेचने वाला है, मैं पूछना चाहता हूं कि क्या चाय बेचकर अपने परिवार का पालन करना अपराध है। हमारे देश में करोड़ों लोग चाय बेचने का काम करते हैं। कहा कि अगर वह कहते हैं चाय वाला प्रधानमंत्री बन गया, जबकि यह तो लोकतंत्र की खूबसूरती है कि इस देश में किसी भी स्तर से उठकर कोई भी व्यक्ति ऊंचे से ऊंचे पद पर जा सकता है। विपक्ष द्वारा कभी प्रधानमंत्री की मां को गाली दी जाती है। विज ने कहा कि अभी पिछले दिनों बिहार के चुनाव हुए। कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री की स्वर्गीय माताजी के लिए अपशब्द कहे गए और अब तो इंतहा हो गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विदेशों में भारत को तथा भारत वासियों को आदर और सम्मान के साथ देखा जा रहा है। लगभग 35 देशों ने प्रधानमंत्री जी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है बल्कि एक देश के प्रधानमंत्री नो नरेंद्र मोदी जी के पैर छुए। यह सम्मान है भारत मां के इस लाल का दुनिया द्वारा दिया जा रहा है। विज ने कांग्रेस का आगाह करते कहा कि अपनी वाणी पर लगाम लगाओ, अपने कृत्यों और अपनी सोच पर लगाम लगाओ अन्यथा यह देश कभी माफ नहीं करेगा। न ही इस देश में ऐसे लोगों को माफ किया है। इस मौके पर विज ने अंग्रेजों की पार्टी-कांग्रेस पार्टी, अंग्रेजों कांग्रेस गो बैक कांग्रेस पार्टी गो बैक के नारे भी लगाए।

विधायक ने खानपुर व उगाला में कार्यक्रमों में की शिरकत

महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं समस्त मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत

महर्षि को नमन कर दिया समानता भाईचारे का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर मुलाना विधायक पूजा चौधरी ने खानपुर और उगाला में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत कर महर्षि वाल्मीकि को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को जयंती की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विधायक ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन, उनके विचार और उनकी शिक्षाएं आज भी समस्त मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। विधायक ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपने जीवन और शिक्षाओं के माध्यम से समाज को सत्य, धर्म, करुणा, सदाचार और मानवता का संदेश दिया। उनके विचार हमें जाति, वर्ग और अन्य सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर प्रत्येक व्यक्ति के साथ समानता और सम्मान का व्यवहार करने की प्रेरणा देते हैं। मौजूदा समय में महापुरुषों की शिक्षाओं को याद करने के साथ-साथ उन्हें अपने व्यवहार और जीवनशैली में अपनाना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि के रूप में जाना जाता है। उन्होंने महान ग्रंथ रामायण की रचना कर मानव समाज को मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। रामायण में भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन का वर्णन मिलता है, जो व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य और न्याय का साथ देने की सीख देता है।



बराड़ा। महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में हिस्सेदारी करती विधायक पूजा चौधरी व अन्य।

समान अवसर मिले

यह ग्रंथ केवल धार्मिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इसकी शिक्षाएं जीवन को सही दिशा देने और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने समाज में प्रत्येक व्यक्ति को समान सम्मान और अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को मिल-जुलकर ऐसे समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए, जहां किसी के साथ भेदभाव न हो और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिले।

महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं को धारण कर जीवन को सफल बनाएं

अंबाला। राज्य सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में अंबाला शहर के पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व मेयर अक्षिता सैनी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद् गगनदीप, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह, निगम सदस्य बरखा सहोता, भाजपा पदाधिकारी स्वर्ण सैनी, मोंटी व अन्य ने वाल्मीकि के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर व दीप शिखा प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि एक उच्च कोटि के आदि कवि व रामायण के रचयिता थे। उन्होंने ने इस मौके पर महर्षि वाल्मीकि के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी।





जुलाना। देवरड़ रोड पर निकासी व्यवस्था की जांच करते कैप्टन योगेश बैरागी।

जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने के सख्त निर्देश

- जुलाना में जलनिकासी व्यवस्था को लेकर चेयरमैन ने लगाई अधिकारियों की क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे में निकासी व्यवस्था को लेकर आ रही समस्याओं के समाधान के लिए हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी ने अधिकारियों की क्लास लगाई। उन्होंने कस्बे की अग्रसैन धर्मशाला के सामने कस्बे के लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर अधिकारियों को बुलाया गया उन्होंने निर्देश दिए कि लोगों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए गंभीरता से काम किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़ेए इसके लिए संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित करें। कस्बे में निकासी व्यवस्था सुचारू नहीं होने के कारण लोगों और दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान जलभराव की समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। कई स्थानों पर पानी की निकासी बाधित होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। कैप्टन योगेश बैरागी ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निकासी व्यवस्था में आ रही बाधाओं की पहचान कर उन्हें दूर किया जाए। जहां नालों की सफाई की जरूरत है, वहां सफाई करवाई जाए और पानी की निकासी के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि केवल अस्थायी समाधान करने के बजाय समस्या का स्थायी हल निकालने की दिशा में काम किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास नीति के तहत काम कर रही है। निकासी व्यवस्था जुलाना की एक गंभीर समस्या है। निकासी व्यवस्था के समाधान में कोई भी कोताही नही बरती जाएगी।

कला परिषद की टीम का आभार व्यक्त किया

- रोटरी जींद मिडटाउन का दिवाली मिलन समारोह एवं म्यूजिकल नाइट भव्य रूप से संपन्न

जींद। रोटरी जींद मिडटाउन द्वारा आयोजित दिवाली मिलन समारोह एवं म्यूजिकल नाइट हर्षोल्लास, उमंग और आपसी भाईचारे के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुई। कार्यक्रम में क्लब के रोटेरियन सदस्यों एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगीत, मनोरंजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और स्वादिष्ट भोजन से सजी इस संध्या ने सभी उपस्थित लोगों के लिए यादगार पल संजो दिए। कार्यक्रम की सफलता पर रोटेरियन माया राम देवली ने क्लब की पूरी आयोजन टीम को बधाई दी। कहा कि इस प्रकार के आयोजन रोटरी सदस्यों के बीच आपसी प्रेम, सहयोग, एकता और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रोटेरियन माया राम देवली ने संगीत एवं मनोरंजन से कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए हरियाणा कला परिषद की टीम का आभार व्यक्त किया। कहा कि सभी सदस्यों एवं परिवारों की सक्रिय भागीदारी ने समारोह की रौनक बढ़ाई और रोटरी परिवार की एकजुटता को प्रदर्शित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि रोटरी जींद मिडटाउन भविष्य में भी सेवा, समर्पण, सामाजिक सहयोग और भाईचारे की भावना के साथ समाजहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। गायन में डा. सुधीर और डा. कविता की टीम के साथ क्लब की ओर से विशाल गोयल तथा गीता देवली ने भी प्रस्तुति दी।



शिक्षा-सामाजिक एकता से दूर होंगी बुराइयां: वर्मा

- मैढ सुनार सभा ने मनाई आदिगुरु अजमीढ देव महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मैढ सुनार सभा की ओर से सेक्टर 6 स्थित सुनार धर्मशाला में सुनार समाज के आदिगुरु अजमीढ देव महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सभा प्रधान सत्यनारायण सोनी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि सुमेर चंद वर्मा और रामअवतार वर्मा ने महाराज अजमीढ भवन एवं सुनार धर्मशाला में नवनिर्मित श्रीनिवास वर्मा मेमोरियल हॉल का उद्घाटन किया। समारोह में मुख्य अतिथि सुमेर चंद वर्मा ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए शिक्षा को बढ़ावा देना और सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाना जरूरी है। विशेषकर बेटियों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। शिक्षित युवा पीढ़ी समाज को नई दिशा दे सकती है और अनेक बुराइयों को समाप्त करने में अहम भूमिका निभा सकती है। उन्होंने स्वर्णकार व्यापार के साथ पारंपरिक हस्तकला को भी महत्व देने की अपील की। उन्होंने समाज के लोगों से अजमीढ देव महाराज के मंदिर और धर्मशाला के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। साथ ही धर्मशाला परिसर में बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए पुस्तकालय स्थापित करने पर जोर दिया सभा महासचिव राममेहर वर्मा ने उपस्थित महिलाओं और पुरुषों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद और कमजोर वर्ग तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। सभा के पदाधिकारियों ने भी नशे के बढ़ते खतरे के प्रति जागरूक करते हुए लोगों से इससे दूर रहने की अपील की। मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष लखीराम सोनी ने समाज में एकता मजबूत करने और सरकार से स्वर्णकला बोर्ड गठित करने की मांग उठाई। समारोह में आयोजित सत्संग के दौरान राहुल कौशिक और महेश शर्मा की टीम ने भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में सुख.शांति और भाईचारे की कामना की गई। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



जींद। श्रीनिवास वर्मा मेमोरियल हॉल का उद्घाटन करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

क्लर्क की नौकरी दिलाने का झांसा देकर पांच लाख ठगे, दो पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंचायत और खेती-बाड़ी से जुड़े एक युवक को डीआरएम कार्यालय में क्लर्क की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 5 लाख रुपये ठग लिए। थाना सदर अंबाला और आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पंचकूला के मौली गांव के प्रवीण कुमार ने बताया कि वह 12वीं तक पढ़ा है और नौकरी की तलाश कर रहा था। इसी दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैप चैट पर उसकी पहचान कौंकपुर गांव के साजन उर्फ शिवम से हुई। युवक ने बताया कि बातचीत के दौरान आरोपी ने खुद को अंबाला स्थित डीआरएम कार्यालय में क्लर्क बताया। आरोपी ने दावा किया कि उसका यूपीएससी का पेपर पास हो गया है और उसका चयन आईएएस में हो गया है। इसके चलते वह अपनी वर्तमान रेलवे की नौकरी किसी और को दे सकता है।

फर्जी फॉर्म और व्हाट्सएप पर भेजा रिजल्ट

शिकायत के मुताबिक, 15 मई को आरोपी ने व्हाट्सएप पर मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे का एक रिक्रूटमेंट फॉर्म भेजकर भरवाया। इसके बाद 4 जून को युवक आरोपी के घर कौंकपुर गांव गया। यहां उसने 3.30 लाख रुपये नकद और अपने 10वीं-12वीं के प्रमाणपत्र व आधार कार्ड सौंप दिए। सुरक्षा के तौर पर आरोपी ने उसे एक बैंक का 3.50 लाख रुपये का चेक थमा दिया। इसके बाद दिल्ली में मेडिकल और पेपर के नाम पर कभी 30 हजार तो कभी मेडिकल सेटिंग के नाम पर 1.50 लाख रुपये और ऐंठ लिए। आरोपी ने 11 जून को व्हाट्सएप पर एक फर्जी रिजल्ट भी भेज दिया, जिसमें प्रार्थी का नाम पहले स्थान पर दिखाया गया था। जब युवक ने अंबाला आकर ज्वाइनिंग लेटर के बारे में पूछा और आरोपी से संपर्क करना चाहा तो उसका फोन बंद मिला। इसके बाद जब युवक कौंकपुर गांव पहुंचा तो पता चला कि साजन उर्फ शिवम एक शातिर ठग है। पहले भी कई लोगों को इसी तरह ठगी का शिकार बना चुका है।

विद्यार्थियों ने भारत की समृद्ध विरासत को सुंदर ढंग से दर्शाया

वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने सरहिंद स्थित माता चक्रेश्वरी देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव को गहरी श्रद्धा, उल्लास और भरपूर उत्साह के साथ कई शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।। इस अवसर पर कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से आए भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों के सुंदर नृत्य, आत्मविश्वास और कलात्मक कौशल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब तालियां बटोरीं। भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से, विद्यार्थियों ने भारत की समृद्ध विरासत, परंपराओं और शाश्वत मूल्यों को बहुत ही सुंदर ढंग से दर्शाया। उनकी यह सराहनीय भागीदारी स्कूल की उस प्रतिबद्धता को दिखाती है, जिसके तहत स्कूल विद्यार्थियों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने, सांस्कृतिक जागरूकता विकसित करने और उनके सर्वांगीण विकास पर जोर देता है। यह उत्सव आस्था, संस्कृति और आनंद का एक सुंदर संगम रहा, जिसमें विद्यार्थियों की यादगार प्रस्तुतियों ने इस आयोजन में एक विशेष आकर्षण जोड़ दिया।



अंबाला। कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते छात्र।

आभार व्यक्त किया

प्रबंधक समिति के सम्मानित सदस्यों प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन और सलाहकार रविकांत जैनऔर प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत ने सभी प्रतिभागियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों के समर्पण की सराहना की और उनके भविष्य के प्रयासों में उन्हें निरंतर सफलता मिलने की कामना की।